वाणिज्य मंत्रालय एआई से कम प्रभावित होने वाले पेशों की कर रहा पहचान-गोयल

बर्लिन। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि तेजी से बदलते प्रौद्योगिकी परिदृश्य के लिए तैयारी करने और भारत को वैश्विक नेता के रूप में उभरने के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सरकार ऐसे पेशों व क्षेत्रों की पहचान कर रही है, जिन पर कृत्रिम मेधा (एआई) का असर अपेक्षाकृत कम होगा। गोयल ने कहा कि सरकार का जोर ऐसे क्षेत्रों पर है, जहां एआई मानव श्रम का स्थान लेने के बजाय कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद कर सकता है। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को जर्मनी में भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शोधकर्ताओं और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैंने अपने मंत्रालय से ऐसे पेशों की पहचान करने को कहा है, जिन पर एआई का प्रभाव कम पड़ेगा। आखिरकार, हमें एक राष्ट्र के रूप में करोड़ों लोगों के लिए योजना बनानी है। ऐसे कौन से क्षेत्र हैं, जहां एआई अधिकतम कार्यक्षमता बढ़ा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह मानव श्रम का स्थान ले। यह पूछे जाने पर कि इस पहल का मकसद क्या है, मंत्री ने हस्तशिल्प, हथकरघा, पाक कला और पर्यटन जैसे क्षेत्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पारंपरिक कौशल और मानवीय रचनात्मकता की अहम भूमिका है तथा भारत के पास इनमें आगे बढ़ने की विशेष क्षमता है। उन्होंने कहा हमारे हस्तशिल्प और हथकरघा का स्थान एआई किसी भी तरह से नहीं ले सकता। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिनमें हमारी विशेष ताकत है। हम इन पर ध्यान देंगे और इन्हें विकसित भी करेंगे, ताकि 140 करोड़ लोगों का भविष्य बेहतर बनाया जा सके। इन क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए संभावित सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि जहां जरूरत होगी, वहां सहायता दी जाएगी, लेकिन हर गतिविधि के लिए प्रोत्साहन देना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में निजी क्षेत्र, सरकार और लोगों की अगुवाई वाली विभिन्न पहल के साथ-साथ उपलब्ध अवसरों के आधार पर भी काम किया जाएगा। गोयल ने विदेश में काम कर रहे भारतीय शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को देश लौटकर विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मंत्री ने कहा कि उन्होंने जर्मनी में भारतीय शोधकर्ताओं और छात्रों से यह बताने को कहा है कि वे भारत लौटने पर किन सुविधाओं तथा सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

लाइफ इंश्योरेंस में अब एकमुश्त रकम के साथ नियमित आमदनी का विकल्प

मुम्बई। जीवन बीमा अब नॉमिनीज़ को केवल एक बार में बड़ी रकम देने के पुराने तरीके से आगे बढ़ रहा है। बंधन लाइफ के अनुसार, नए उत्पादों में सुविधाजनक और व्यवस्थित भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं, जो परिवारों को अपनी तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नियमित आय का एक स्थिर स्रोत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। पॉलिसीधारक के लिए, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें चिंता होती है कि उनके नॉमिनीज़ बड़ी रकम को संभाल पाएंगे या नहीं, एकमुश्त राशि के साथ नियमित और गारंटीकृत आय का विकल्प अधिक भरोसा और मानसिक शांति दे सकता है। इससे परिवार के सदस्यों को जरूरत के समय पैसा मिल सकता है और आने वाले वर्षों में भी उन्हें लगातार वित्तीय सहायता मिलती रह सकती है।

फायरक्रैकर इंश्योरेंस की वापसी

मुम्बई। फोनपे ने अपने संपूर्ण फायरक्रैकर इंश्योरेंस की वापसी का ऐलान किया है, जो इस प्लेटफॉर्म पर लगातार तीसरे साल भी उपलब्ध है। यह दिवाली के दौरान पटाखों से होने वाले हादसों से पूरी सुरक्षा देने के लिए 11 से शुरू होने वाले फिक्स्ड, पॉकेट-फ्रेंडली प्रीमियम पर 25,000 तक का व्यापक मेडिकल कवरेज देता है। फोनपे प्लेटफॉर्म पर डिजिटली उपलब्ध और आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा अंडरराइट किया गया, यह सीज़नल माइक्रो-इंश्योरेंस का मकसद खरीदारों को बेहतर भरोसा और सुरक्षा देना है, ताकि वे त्योहारों का मज़ा ले सकें।

भारत-रूस के बीच 2030 तक 100 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य

मास्को। भारतीय राजदूत विनय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी-अपनी सरकारों को द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगे बताया कि भारत और रूस का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करना है। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' को दिए एक साक्षात्कार में भारतीय राजदूत कुमार ने कहा कि दोनों नेताओं ने 12-13 सितंबर को नयी दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने शनिवार को प्रकाशित इस साक्षात्कार में 'तास' से कहा कि दोनों नेताओं ने संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को व्यापार और वाणिज्य सहित सहयोग को और विकसित करने का निर्देश दिया है। कुमार ने कहा कि भारत और रूस 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर और द्विपक्षीय निवेश को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। श्रम सहयोग पर उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य रूस की जरूरतों के अनुसार वहां कुशल कामगारों की आपूर्ति करना है। उन्होंने कहा कि विदेशी कामगारों के लिए रूस के कोटे में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 25 से 30 प्रतिशत है। कुमार ने उल्लेख किया कि लगभग 1.5 अरब की आबादी वाला भारत, कुशल कर्मियों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत के कार्यबल की औसत आयु 29 वर्ष है, और कामगार आबादी का लगभग 69 प्रतिशत हिस्सा हैं।

महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स के वित्तीय परिणाम घोषित

मुम्बई। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के लिए अपने स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।कंपनी ने बिक्री के मोर्चे पर अपनी वृद्धि की गति को जारी रखा। सदस्यता बिक्री 141 करोड़ रुपये रही, जो सालाना आधार पर 6 प्रतिशत अधिक है। अपग्रेड सहित औसत यूनिट प्राप्ति 13.4 लाख रुपये रही, जो सालाना 43 प्रतिशत अधिक है और यह प्रीमियमाइजेशन रणनीति से प्रेरित है। सदस्यता अपग्रेड 83 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना 26 प्रतिशत अधिक है। रिसॉर्ट कारोबार ने मजबूत दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की। रिसॉर्ट राजस्व 96 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना 15 प्रतिशत अधिक है, जबकि ऑक्यूपेंसी 220 बेसिस पॉइंट्स बढ़कर 75.6 प्रतिशत हो गई। 30 सितंबर 2026 तक डिफर्ड रेवेन्यू 5,828 करोड़ रुपये और नकदी 1,329 करोड़ रुपये रही। इन्वेंट्री के मोर्चे पर कंपनी के पास 106 रिसॉर्ट्स में 5,762 कीज का पोर्टफोलियो है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-13247
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313

aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

पीएनजी ज्वेलर्स के फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा

मुम्बई। भारत के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने दिवाली के अवसर पर अपने विशेष अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण 'सप्तम कलेक्शन' है। इसके साथ ही ग्राहकों को सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 50 प्रतिशत तक और हीरे के आभूषणों की मेकिंग चार्जेस पर 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। पुराने सोने के बदले नए आभूषण खरीदने पर 0 प्रतिशत कटौती का लाभ भी मिलेगा।

साइबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने और ग्राहकों को जागरूक करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत साइबर फ्रॉड सुरक्षा नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता पहल के अंतर्गत 8,800 से अधिक कार्यशाला, आयोजित कीं गई। ये कार्यशालाएं जुलाई से अक्टूबर 2026 के बीच आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से बैंक ने देश भर के 1.8 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुंच की है।

ओप्पो ने एफ35 सीरीज़ पेश की

मुम्बई। भारत में ओप्पो की लोकप्रिय स्न सीरीज़ के बेमिसाल 10 साल पूरे होने के शानदार अवसर पर, ओप्पो इंडिया ने अपनी नई पीढ़ी की ओप्पो एफ35 सीरीज़ लॉन्च करने की घोषणा की है। इस नई सीरीज़ के अंतर्गत दो स्मार्टफोन—ओप्पो एफ35 प्रो और ओप्पो एफ35 पेश किए गए हैं।

भीम भुगतान ऐप ने गूंज के साथ की साझेदारी

मुम्बई। एनपीसीआई भीम द्वारा विकसित भारत का स्वदेशी भुगतान ऐप, भीम भुगतान ऐप, अपने मीठी दिवाली अभियान के तीसरे संस्करण के साथ त्योहार की खुशियां बांट रहा है। भीम भुगतान ऐप, 8 नवंबर तक उपयोगकर्ता द्वारा किए गए हर सातवें लेन-देन पर ज़रूरतमंद बच्चों को स्कूल किट उपलब्ध कराने में योगदान देगा। भीम ऐप ने इस अभियान के लिए गूंज के साथ साझेदारी की है।

वित्त मामलों की संसदीय समिति क्रिप्टो, एआई सहित 46 आर्थिक मुद्दों की जांच करेगी

नयी दिल्ली। संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति ने चालू वित्त वर्ष के दौरान विस्तृत जांच और रिपोर्ट तैयार करने के लिए वित्त में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मुद्रा प्रबंधन और आभासी डिजिटल संपत्तियों के अध्ययन सहित 46 विषयों को चुना है। इस महीने की शुरुआत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित कई संसदीय समितियों का पुनर्गठन किया था। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है, जिसमें लोकसभा से 21 सदस्य और राज्यसभा से 10 सदस्य शामिल हैं। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार वित्त संबंधी स्थायी समिति (2026-27) ने वित्त मंत्रालय, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, नीति आयोग और सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संबंधित 46 विषयों को वर्ष के दौरान विस्तृत जांच और रिपोर्ट के लिए चुना है। समिति द्वारा चुने गए विषय मौजूदा आर्थिक हालात में प्रासंगिक हैं। इनमें मूल्य और मुद्रा स्थिरता के लिए रणनीति, मुद्रा प्रबंधन, वित्तीय क्षेत्र में विनियामक तंत्र और सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों का मौद्रिकरण शामिल हैं। समिति बैंकिंग, पेंशन और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्रों का अध्ययन, तथा असंगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का मूल्यांकन भी करेगी।

फॉर्च्यून बेसन ने नीना गुप्ता के साथ शुरू किया कैंपेन

मुम्बई। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रमुख खाद्य ब्रांडों में शामिल फॉर्च्यून ने अपने फॉर्च्यून बेसन का नया टीवी विज्ञापन जारी किया है। इस कैंपेन के जरिये रोजमर्रा के खानपान में देसी चने से बने बेसन को चुनने के महत्व पर जोर दिया गया है। मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता इस कैंपेन का चेहरा हैं। 'देसी चना से बना' संदेश के साथ यह कैंपेन बेसन की शुद्धता और असलियत को सामने लाता है। विज्ञापन में एक दादी और उनकी जेन-जी पोती की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है।

यूटीआई निफ्टी इंडिया न्यू एज कंजम्पशन इंडेक्स फंड लॉन्च

मुम्बई। यूटीआई म्यूचुअल फंड ने एक नया पैसिव फंड—यूटीआई निफ्टी इंडिया न्यू एज कंजम्पशन इंडेक्स फंड (यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निफ्टी इंडिया न्यू एज कंजम्पशन टोटल रिटर्न इंडेक्स को रेप्लिकेट/ट्रैक करती है) लॉन्च किया है। यह एनएफओ गुरुवार, 22 अक्टूबर को खुल चुका है जो 5 नवंबर को बंद होगा। यूटीआई निफ्टी इंडिया न्यू एज कंजम्पशन इंडेक्स फंड एक पैसिव रूप से प्रबंधित इंडेक्स फंड है।

न्युवोको विस्टास के वित्तीय नतीजे घोषित

मुंबई। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए। न्युवोको ने इस साल सीमेंट कारोबार में दस साल पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2014 में निम्बोल में 2.3 एमएमटीपीए सीमेंट उत्पादन क्षमता वाली सिंगल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से शुरू हुआ सफर आज एक विविधीकृत निर्माण सामग्री कंपनी के रूप में विकसित हो चुका है। कंपनी अब सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री के क्षेत्रों में कारोबार कर रही है।

सोनालीका ट्रैक्टर्स ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद में सोनालीका गोल्ड सीरीज़ के दो ट्रैक्टरों ने खेत में जुताई कर हिंदी शब्द 'दम' का सबसे बड़ा स्वरूप रच कर इतहास बनाया है। 125 फुट ऊँची और 272 फुट चौड़ी यह आकृति 34,000 वर्ग फुट क्षेत्र में बनाई गई। इस उपलब्धि को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया ने मान्यता दी।

आईसीआईसीआई लाइफ इंडेक्स्ड पेंशन प्लान लॉन्च

मुम्बई। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन लॉन्च किया है। यह सेवानिवृत्ति आय से जुड़ा उत्पाद है, जो ग्राहकों को गारंटीशुदा एन्युटी और वेरिएबल एन्युटी का मिश्रण प्रदान करता है। इस सुविधा के तहत गारंटीशुदा आय वाला हिस्सा ग्राहकों को आय में स्थिरता प्रदान करता है, वहीं वेरिएबल वाला हिस्सा इंडेक्स से जुड़ी आय के जरिए उन्हें महंगाई से बचाने में मदद करता है।

जेके मैक्स का सस्टेनेबल पेंट्स में कदम

मुम्बई। जेके मैक्स पेंट्स ने सस्टेनेबल पेंट्स का नया ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इस ब्रांड का पहला प्रोडक्ट जेके नैचुरल्स ऑरा है। भारत के पहले नेचर लवर्स पेंट के रूप में पेश किया गया यह ब्रांड घर की सुंदरता और रोजमर्रा की जिंदगी में जागरूक सोच को एक साथ लाता है। बिजनेस हेड नितीश चोपड़ा ने कहा जेके मैक्स पेंट्स में हमने हमेशा ऐसे समाधान विकसित करने पर ध्यान दिया है।

एयरटेल ने यूट्यूब के साथ की साझेदारी

मुम्बई। एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों को यूट्यूब प्रीमियम उपलब्ध कराने के लिए यूट्यूब के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के ज़रिए ग्राहकों को बिना विज्ञापनों वाला यूट्यूब अनुभव मिलेगा, जिसमें शॉर्ट्स के साथ-साथ बैकग्राउंड प्ले, ऑफलाइन डाउनलोड और यूट्यूब म्यूज़िक प्रीमियम का लाभ भी मिलेगा। यह लॉन्च दर्शाता है कि आज ग्राहक अपने फोन का इस्तेमाल किस तरह करते हैं।

एसबीआई लाइफ ने लॉन्च किया 'प्रीमियम माफी' राइडर

मुंबई। भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'वेवर ऑफ प्रीमियम' राइडर लॉन्च किया है। इसे इस तरह तैयार किया गया है कि गंभीर बीमारी या दिव्यांगता जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण पॉलिसीधारकों की लंबी अवधि की वित्तीय योजनाएं प्रभावित न हों। वित्तीय नियोजन लंबी अवधि की प्रक्रिया है, जिसमें कई वर्षों तक आर्थिक प्रतिबद्धताएं निभानी होती हैं।

क्रॉम्पटन ने एमियो चोप एन पील लॉन्च किया

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एमियो चोप एन पील लॉन्च किया है। यह एक ऑल-इन-वन किचन अप्लायंस है, जिसमें छीलने, काटने और फेंटने की सुविधाएं एक ही अप्लायंस में मिलती हैं। कई घरेलू रसोइयों के लिए, व्यस्त दिनचर्या और रसोई में सीमित जगह के कारण, किचन अप्लायंस चुनते समय इस्तेमाल में आसानी और एक ही अप्लायंस से कई काम करने की सुविधा उपयोगी साबित हो सकती है। रोजमर्रा के कामों, जैसे लहसुन छीलने और सामग्री काटने में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही हाथों में गंध रह जाती है और बाद में साफ-सफाई भी करनी पड़ती है।

इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी बने शरद माथुर

मुम्बई। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने आज शरद माथुर को अपने प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी के तौर पर नियुक्त करने की घोषणा की। शरद के पास बीमा और वित्तीय सेवा उद्योग में तीन दशक का अनुभव है। संगठनात्मक बदलाव, वितरण नेटवर्क के विस्तार, टेक्नोलॉजी आधारित नवोन्मेष, विकास और संचालन (गवर्नेंस) के क्षेत्रों में उन्होंने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस से जुड़ने से पहले, वह यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस में वह छह साल से अधिक समय तक प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी रहे।

लायंसगेट प्ले के संस्थापक ने शुरू किया नया प्लेटफार्म

मुम्बई। लायंसगेट प्ले के संस्थापक रोहित जैन टाइगर टीवी लेकर आ रहे हैं, जो खास तौर पर हिंदी और पंजाबी मनोरंजन के लिए बनाया गया है। यह नया प्लेटफॉर्म 15 अक्टूबर से उपलब्ध होगा। लायंसगेट प्ले के संस्थापक और सीईओ रोहित जैन ने कहा जब हमने लायंसगेट प्ले शुरू किया था।

बिहार में बैंकों के प्रदर्शन की रैंकिंग के लिए सूचकांक शुरू

पटना। बिहार सरकार ने राज्य में बैंक परिचालन की स्थिति को दर्शाने एवं रैंकिंग तय करने के मकसद से पहली बार 100 अंकों का प्रदर्शन सूचकांक शुरू किया है। बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि फिलहाल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक 74 अंकों के साथ इस सूची में शीर्ष पर है। राज्य के वित्त विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''बैंकों को उनके अंकों के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें 50 या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले 11 बैंक 'ग्रीन जोन' में हैं, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकेत देता है। वहीं, सात बैंक 'येलो जोन' में हैं, जबकि कई अन्य बैंक 'रेड जोन' में रखे गए हैं। 'रेड जोन' में प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भी शामिल हैं।'' अधिकारी ने कहा कि बिहार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.95 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक ऋण योजना लक्ष्य निर्धारित किया है। बैंकों ने 30, सितंबर तक 1.89 लाख करोड़ रुपये का ऋण वितरित कर दिया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 38.25 प्रतिशत है। यह राशि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 46,228.29 करोड़ रुपये अधिक है। बयान के अनुसार, सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में ऋण वितरण लक्ष्य का 52.68 प्रतिशत रहा। इस क्षेत्र में 1.59 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 84,091.21 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। वहीं, कृषि क्षेत्र में 43,967.17 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया, जो निर्धारित लक्ष्य का 28 प्रतिशत है। यहां आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सिंह ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तत्परता से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार में जुटाई गई जमा राशि का दोबारा निवेश राज्य के विकास में किया जाना चाहिए।

भारत के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नीदरलैंड का निवेश बढ़ाने की अपील

एम्स्टर्डम। उद्योग संगठन फिक्की ने भारत के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नीदरलैंड के निवेश को बढ़ावा देने की अपील की है। संगठन ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए संयुक्त उद्यम, प्रौद्योगिकी साझेदारी और आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रमों पर जोर दिया है। फिक्की के महासचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की नीदरलैंड की मौजूदा यात्रा निवेश संबंधी चर्चाओं को ठोस परियोजनाओं में बदलने में मदद कर सकती है। इसके तहत कारोबारी जगत और सरकारी एजेंसियों को एक साथ लाकर स्थान चयन, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, आपूर्तिकर्ताओं और नियामकीय मंजूरियों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फिक्की चार प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति देखना चाहता है। इनमें विनिर्माण साझेदारी, प्रौद्योगिकी सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण और परियोजनाओं पर आगे की कार्रवाई शामिल हैं। संगठन ने इंजीनियरिंग, उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य प्रौद्योगिकी-प्रधान उद्योगों में संयुक्त उद्यमों तथा उत्पादन क्षमता के विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं की एक सूची तैयार करने का आह्वान किया। इसके अलावा, कंपनियों, शोध संस्थानों और स्टार्टअप के बीच साझेदारी विकसित करने पर जोर दिया गया, ताकि संयुक्त रूप से नए उत्पाद विकसित किए जा सकें, घरेलू इंजीनियरिंग क्षमताओं को मजबूत किया जा सके और प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक इस्तेमाल बढ़ाया जा सके। आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण पर स्वरूप ने कहा कि भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नीदरलैंड की कंपनियों की गुणवत्ता, उत्पादों की जानकारी का पता लगाने की क्षमता और टिकाऊपन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद के लिए आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों के लिए संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाने चाहिए और क्रियान्वयन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि चर्चाएं वास्तविक परियोजनाओं में तब्दील हो सकें। गोयल दो दिवसीय यात्रा पर नीदरलैंड में हैं। वह करीब 100 कारोबारी प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के इस साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है।

सूचना

मैने अपना नाम SAFWAN से बदलकर MOHAMMAD SAFWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MOHAMMAD SHAKEER ADD-433/724 RAM NAGAR NEAR INDARE WALI MASJID YASEENGANJ DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SHAYEEDA PARVEEN से बदलकर SHAYADA PARVEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-ZAHOOR MIRZA ADD-266/338, BHADEWAN, PS-BAZAR KHALA PO-RAJENDRA NAGAR DIST-LUCKNOW-226004 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम KHAN RESHAMEE MOHD MUSTAKIM से बदलकर RESHMI MUSTAKIM MANIHAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SIRAJUL HAQ ADD-VILLAGE-MATERA VTC KASAILA PO-KASAILA DIST-BASTI-272302 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SEEMA THAKUR से बदलकर SEEMA BHARGAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RITESH KUMAR BHARGAVA ADD-CHAKOR ROAD 99B, MOHALLA JAWAHAR NAGAR POST-GURSAHAIGANJ GADANA PUR CHAUDHARI, DIST-KANNAUJ-209722 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम NITYA BHARGAV से बदलकर NITYA BHARGAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-RITESH KUMAR BHARGAVA ADD-CHAKOR ROAD 99B, MOHALLA JAWAHAR NAGAR POST-GURSAHAIGANJ GADANA PUR CHAUDHARI, DIST-KANNAUJ-209722 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम RITESH KUMAR BHARGAV से बदलकर RITESH KUMAR BHARGAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PRAMOD KUMAR BHARGAVA ADD-CHAKOR ROAD 99B MOHALLA JAWAHAR NAGAR POST-GURSAHAIGANJ, GADANA PUR CHAUDHARI DIST-KANNAUJ-209722 (U.P.)

विश्वास कोई नारा नहीं बल्कि एक हिसाब-किताब

मुम्बई। बीमा उद्योग में तीन दशक के अनुभव ने सिखाया है कि भरोसा महज़ भावना नहीं, बल्कि बही-खाते की तरह है - इस विषय पर अपने विचार साझा करते हुए तरुण चुघ, एमडी एवं सीईओ, बजाज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि हर वादा और हर कार्रवाई का हिसाब दर्ज होता है।उन्होंने कहा कि समय पर चुकाया गया हर प्रीमियम, बिना किसी परेशानी के पूरी की गई सेवा संबंधी हर मांग और व्यक्तिगत जानकारी में किया गया हर छोटा-सा बदलाव उस खाते में दर्ज होने वाली प्रविष्टियां हैं। प्रतिष्ठा ही वह बही-खाता है, जिसमें ये प्रविष्टियां दर्ज होती हैं। इसका आर्थिक मूल्य सालों बाद तब सामने आता है जब किसी परिवार को किए गए वादे को निभाने की ज़रूरत पड़ती है।तरुण चुघ ने बताया कि जीवन बीमा अन्य वित्तीय उत्पादों जैसा नहीं है। गृह ऋण सात साल में चुकाया जा सकता है, म्यूचुअल फंड को भुनाया जा सकता है, लेकिन जीवन बीमा अक्सर 20 या 30 साल तक चलने वाला संबंध होता है। इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अनुसार ?2 लाख या उससे कम बीमा राशि वाली पॉलिसियों की हिस्सेदारी स्न्न्ड्ड25 में घटकर 54त्न रह गई जो स्न्न्ड्ड21 में 65त्न थी, जबकि अधिक कवर वाली श्रेणियों की हिस्सेदारी बढ़ी है।हर ग्राहक की ज़रूरत अलग होने पर उन्होंने कहा कि समाधान सैकड़ों अलग-अलग उत्पाद नहीं बल्कि लचीले उत्पाद हैं जो वास्तविक ज़रूरतों के अनुरूप ढल सकें।

जीत एआई ने पेश किया भारत का पहला एआई ट्यूटर

नई दिल्ली। जीत एआई ने भारत का पहला ऐसा एआई ट्यूटर पेश किया है, जो विद्यार्थियों को वास्तव में पढ़ाता है और निजी शिक्षक के साथ पढ़ने जैसा अनुभव प्रदान करता है। विद्यार्थियों के सवाल पूछने का इंतजार करने के बजाय, यह खुद कॉन्सेप्ट्स को समझाता है, वर्चुअल बोर्ड पर लिखता है और महत्वपूर्ण बिंदुओं को चिह्नित करता है। साथ ही, विषय को बेहतर ढंग से समझाने के लिए उपयोगी मल्टीमीडिया सामग्री और इंटरैक्टिव सिमुलेशन का इस्तेमाल करता है। उदाहरण के तौर पर, रसायन विज्ञान का कोई विषय पढ़ाते समय जीत एआई केमिकल रिएक्शंस को दिखा सकता है, दृश्य उदाहरणों के जरिये उनके पीछे का विज्ञान समझा सकता है।

तलविंदर का नया गाना रिलीज

मुम्बई। तलविंदर ने अपनी ईपी 'पेंटेड फीलिंग्स' के सफर को नए गाने 'मंगदा वापिस क्यूं' के साथ आगे बढ़ाया है। किडजेवेस्ट के सहयोग से तैयार यह गाना रिश्तों में बिछड़ने, पछतावे और दोबारा लौटने की भावनाओं को बयां करता है। तलविंदर द्वारा लिखे और गाए गए इस गाने में दो लोगों के नजरिए को पेश किया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001:2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), पी.बी.एक्स. नं. : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्रीमती नीलम यादव श्री जीतेन्द्र यादव स्व० श्रीमती रामश्री वर्मा	व्या०भूखण्ड संख्या -सी०पी०-120 विराज खण्ड	गोमती नगर योजना	दि०- 04.01.2023	स्व० श्रीमती रामश्री वर्मा की वसीयत के अनुसार श्रीमती अनामिका कुमार	वसीयतनामा दिनांक 19.11.2018 के अनुसार	पुत्री
2.	श्री राजेन्द्र कुमार मिश्रा एवं श्रीमती सुनीता मिश्रा	भवन संख्या -डी-4/2	पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज लखनऊ	30.06.2021 (राजेन्द्र कुमार मिश्रा)	श्रीमती सुनीता मिश्रा (सहआवंटी)	श्री सूर्य कान्त मिश्रा श्रीमती अनुशी पाण्डेय श्रीमती अंजली दीक्षित	पत्नी पुत्र विवाहित पुत्री विवाहित पुत्री
3.	श्री हरी प्रसाद	भूखण्ड संख्या-सी-1/48	सेक्टर-सी प्रियदर्शिनी सीतापुर रोड योजना लखनऊ	18.06.2018	1. श्रीमती लक्ष्मी शर्मा 2. श्री प्रतीक भारद्वाज 3. पुत्री आकृति भारद्वाज	मा० न्यायालय सिविल जज, (सी०डि०), नार्थ लखनऊ मूल वाद संख्या-242/2020 श्रीमती लक्ष्मी शर्मा बनाम सचिव, ल०वि०प्रा०, श्री प्रतीक भारद्वाज व आकृति भारद्वाज बावत भूखण्ड सं०-सी-1/48 सेक्टर-सी प्रियदर्शिनी योजना सीतापुर रोड में पारित आदेश दिनांक 24.01.2025 के अनुसार	पत्नी पुत्र पुत्र
4.	श्री बच्चू लाल	चबूतरा संख्या-5/P/53	विराम खण्ड गोमती नगर	26.03.2024	1. श्रीमती तुलसा देवी 2. श्री ज्ञान चंद्र यादव 3. श्री गोपी चंद्र यादव 4. श्री महेश चंद्र 5. श्री अमर नाथ 6. श्रीमती सरिता यादव	1. श्री ज्ञान चंद्र यादव 2. श्री गोपी चंद्र यादव 3. श्री महेश चंद्र 4. श्री अमर नाथ 5. श्रीमती सरिता यादव	पुत्र, पुत्र, पुत्र, पुत्र विवाहित पुत्री
5.	श्री प्रवीन चन्द्र खत्री	भवन संख्या-633	उदयन-1 शारदा नगर योजना, रायबरेली रोड	22.04.2023	श्रीमती कल्पना खत्री	1. श्री असीम खत्री (पुत्र)	पत्नी

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से **30 दिनों** के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव